## सीएम ने कहा, उत्तराखण्ड की जनता है जागरूक इसलिए...

# सूचना का अधिकार निभा रहा प्रभावी भूमिका

**देहरादून।** राज्य सूचना आयुक्त विनोद नौटियाल, राजेंद्र कोटियाल व एसएस रावत ने शनिवार को बीजापुर हाउस में मुख्यमंत्री हरीश रावत से शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सूचना का अधिकार लोकतंत्र में जनता के सशक्तिकरण में प्रभावी भूमिका निभा रहा है।

उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड की जनता जागरूक है इसलिए यहां सूचना के अधिकार के तहत अधिक सूचनाएं मांगी जा रही हैं। सीएम ने, जिन विभागों से संबंधित सूचनाएं अधिक मांगी जा रही हैं उनका व सूचनाओं की प्रकृति का विवरण उपलब्ध करवाने का अनुरोध सूचना आयुक्तों से किया। उन्होंने कहा कि आरटीआई के अंतर्गत मांगी जाने वाली सूचनाएं शिकायतों की तरह भी होती हैं। जिन विभागों से संबंधित आवेदन अधिक आते हैं उन पर अधिक ध्यान देना होगा।



सीएम से वार्ता करते हुए मुख्य सूचना आयुक्त विनोद नौटियाल व अन्य।

### ❑सूचना आयुक्त ने की सीएम से मुलाकात

सीएम ने बताया कि आम जनता को चिन्हित सेवाओं की उपलब्धता समय पर मिलना सुनिश्चित कराने के लिए सेवा का अधिकार आयोग भी गठित कर दिया गया है। सूचना का अधिकार व सेवा का अधिकार भारतीय लोकतंत्र में मील का पत्थर हैं। समाधान पोर्टल को भी सक्रिय करने का प्रयास किया जा रहा है। जनता से जुड़े 8–10 विभाग ऐसे चिन्हित किए जा रहे हैं जिन्हें कि जीरो पैंडिंग बनाया जाएगा। अर्थात इनमें इस प्रकार की व्यवस्था की जाएगी कि जनता से जुड़े मामले बिल्कुल भी लम्बित ना रहे। राज्य सूचना आयोग में 6 कोर्ट हैं। प्रत्येक कोर्ट में प्रतिदिन 10–12 मामलों पर सुनवाई होती है। लगभग 95 फीसदी मामलों में निर्णय आवेदक के पक्ष में जाते हैं।

# उपेक्षित कार्यकर्ताओं को मिले तवज्जों

**देहरादून।** उत्तराखण्ड के वरिष्ठ कांग्रेसजनों का प्रतिनिधिमण्डल गढ़वाल के पूर्व सांसद परिपूर्णानन्द पैन्यूली एवं कुमाऊ मण्डल से पूर्व एमएलसी नवीन तिवारी के सयुक्त नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष किशोर उपाध्याय से कांग्रेस मुख्यालय में मुलाकात की। प्रतिनिधिमण्डल ने पार्टी को मजबूत और ऊर्जावान बनाये जाने के लिए चर्चा की तथा सुझाव भी दिये।

उपरोक्त जानकारी देते हुए पूर्व एमएलसी नवीन तिवारी ने बताया कि प्रतिनिधिमण्डल ने तीन विधानसभा क्षेत्रों में हुए उपुचानाव में पार्टी की भारी सफलता के लिए प्रदेश अध्यक्ष को बधाई दी तथा आग्रह किया कि उत्तराखण्ड में कांग्रेस की लोकसभा चुनाव में हुई भारी पराजय से सबक लेते हुए कांग्रेस संगठन को सक्रिय व प्रदेश की जनता के प्रति जवाबदेह बनाया जाना जरूरी है जिसके लिए प्रदेश की सभी जिला, शहर, नगर व ब्लाक इकाईयों का पुर्नगठन किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि पार्टी में उपेक्षित एवं निष्क्रिय कार्यकर्ताओं को तवज्जो देते हुए पुनः कांग्रेस की मुख्यधारा में उनके पूर्व में दिये गये योगदान को ध्यान में रखते हुए सक्रिय किया जाय।

### ❑प्रदेश अध्यक्ष से मिला कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल

प्रतिनिधिमण्डल ने प्रदेश अध्यक्ष श्री उपाध्याय से यह भी आग्रह किया कि प्रदेश में कांग्रेस संगठन को सक्रिय करने के लिए कांग्रेस पार्टी का पुर्नगठन किये जाने से पूर्व सभी जिला, शहर, नगर व ब्लाक कांग्रेस कमेटियों को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया जाय। प्रतिनिधिमण्डल ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के मार्फत उन तमाम कांग्रेस कार्यकर्ताओं से भी आग्रह किया जो किसी न किसी कारण निष्क्रिय हैं एवं किसी कारण वश कांग्रेस पार्टी से बाहर हैं वे सभी कार्यकर्ता पार्टी को मजबूत और ऊर्जावान बनाने में अपना सहयोग दें।

प्रतिनिधिमण्डल में तरूण पन्त, हेमन्त कोठारी, बलवन्त बोरा, बहादुर सिंह मेहता, धनीराम, दिग्विजय सिंह रस्तोगी, सचिन तिवाडी, सुरेश चन्द आर्य, आबिद हुसैन, किशन डालाकोटी, राशिद अहमद आदि शामिल थे।


## Page Three

## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


## सुपरफास्ट खबरें

### आंदोलन स्थगित किया

**देहरादून।** उत्तराखण्ड के समस्त अशासकीय महाविद्यालयों के शिक्षक पिछले तीन दिनों से अपनी मांगों को लेकर कार्य बहिष्कार पर थे। विधायक राजकुमार के नेतृत्व में मुख्यमंत्री हरीश रावत व उच्च शिक्षा मंत्री डॉ0 इन्दिरा हृदयेश से मिलने के बाद शनिवार को अपना आन्दोलन स्थगित करने की घोषणा कर दी। यहां उत्तरांचल विश्व विद्यालय महाविद्यालय शिक्षक महासंघ (फुक्टा) के कार्यकारणी व सदस्य एमकेपी कालेज में एकत्रित हुए और उन्होंने ध्वनि मत से विधायक द्वारा की गई मध्यस्थता की सराहना की एवं उन्हें धन्यवाद दिया।

### सत्संग कार्यक्रम आज

**देहरादून।** संत निरंकारी सत्संग भवन के तत्वावधान 03 अगस्त रविवार को रविवारीय सत्संग कार्यक्रम की अध्यक्षता, जोन चमोली के जोनल इंचार्ज प्रताप सिंह चौधरी करेंगे, जिनके प्रवचनों का समय प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 12.30 तक होगा। उन्होंने आम जनमानस से अधिकाधिक संख्या में सत्संग कार्यक्रम में शिरकत करने का आह्वान किया है। यह जानकारी यहां जारी एक बयान में सन्त निरंकारी सत्संग भवन से जुड़े भगवत प्रसाद जोशी ने दी।

### संविदा पैरामेडिकल कर्मचारियों का धरना जारी

**देहरादून।** ओएनजीसी संविदा पैरामेडिकल कर्मचारियों का आंदोलन शनिवार को भी जारी रहा। ओएनजीसी संविदा पैरामेडिकल कर्मचारियों द्वारा उनकी सेवाओं को यथावत रखने की मांग पर कोई आश्वासनन दिये जाने के कारण अपना आंदोलन जारी रखा। आंदोलनरत कर्मचारियों का कहना है कि प्रबंधन द्वारा उकनी सेवाओं को यथावत न करने की मांग पर कोई आश्वासन नहीं दिया। जिस कारण उन्हें आंदोलन करना पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि प्रबंध तंत्र द्वारा उनकी मांग नहीं मानी जाती है तो वे पांच अगस्त से भूख हड़ताल शुरू कर देंगे। धरने पर चक्रधर प्रसाद, गीतां जली जुगरान आदि मौजूद थे।

# राज्यपाल ने किया पौधारोपण

**देहरादून।** 'हरित अभियान' के अंतर्गत उत्तराखंड के राज्यपाल डा0 अज़ीज़ कुरैशी द्वारा आज राजभवन परिसर में पौधा रोपण किया गया।

राज्यपाल के विशेष निर्देश पर उद्यान विभाग द्वारा सम्पूर्ण राजभवन परिसर तथा चारदीवारी में विभिन्न प्रजाति के छायादार, सजावटी तथा फलदार पौधों का रोपण किया जा रहा है। इसी क्रम में राज्यपाल ने फलदार वृक्षों के अन्तर्गत रोजसैन्टेड प्रजाति की लीची के चार पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि वृक्षारोपण प्रकृति के प्रति कृतज्ञता/आभार व्यक्त करने की सबसे अच्छा तरीका है। पर्यावरण संतुलन के लिए पौधारोपण को अत्यन्त महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने कहा कि पेड़–पौधें व्यक्ति को प्रकृति से प्रेम करना सिखाते है। राजभवन में विभिन्न प्रकार के वृक्षों/पौधों के रोपण को बहुउद्धेशीय बताते हुए राज्यपाल ने कहा कि इन वृक्षों से राजभवन की भव्यता/सौंदर्य में होने वाली वृद्धि तथा आसपास का स्वच्छ वातावरण आम जनता को हरित अभियान से जुड़ने के लिए निश्चित ही प्रेरित करेगा। इस दौरान सजावटी पौधों में पोडोकार्पस, बोगनवेलिया, फाइकसए फ्रांसीसिया, गार्डीनिया, मैगनोलिया फुस्काटाए ज्यूनिपरसए अशोक पैन्डूलाए कॉपर ब्रश औषधीय गुणों की खान/छायादार वृक्ष नीम आदि के पौधे भी रोपे गये। इसके अतिरिक्त बांस की सुंदर, आकर्षक तथा शीघ्र वृद्धि वाले विभिन्न प्रजातियों के विशेष पौधे तथा विभिन्न प्रजातियों की लताओं का रोपण भी किया गया। सजावटी पौधों को विशेष आकार देकर और आकर्षक बनाया जायेगा। इस अवसर पर राजभवन के अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### ❑पेड़–पौधें व्यक्ति को प्रकृति से प्रेम करना सिखाते है



राजभवन में पौधारोपण करते राज्यपाल डा. अजीज कुरैशी व अन्य।



सीएम से मुलाकात करता ईसाई समुदाय का प्रतिनिधिमंडल।



लोकगायक जगत राम को श्रद्धाजंलि देते हुए।

# लोकगायक जगत राम को किया याद

**देहरादून/विकासनगर।** धूमसू जौनसारी जनजातीय सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था द्वारा विकास नगर स्थित धूमसू मंच के कार्यालय में जौनसार बावर क्षेत्र के सुप्रसिद्ध लोकगायक जगत राम वर्मा की दूसरी पुण्य तिथि पर भावभीनी श्रद्धाजंलि अर्पित की गई। इस अवसर पर जौनसार बावर क्षेत्र के कई लोक कलाकारों के अलावा क्षेत्रीय जनता द्वारा उन्हें उनके द्वारा क्षेत्रीय संस्कृति के लिए दिए गए विशेष योगदान के लिए याद किया गया।

शनिवार को धूमसू मंच द्वारा जगत राम वर्मा के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। तत्पश्चात वृक्षारोपण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। मंच द्वारा उनके गाये गीतों को प्रस्तुत किया गया तथा लोकसंगीत की धुन में गीतों का गायन भी किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने इस बात पर खेद जताया कि एक संस्कृति को अपनी आवाज से जगाने वाले व संस्कृति के गीतों को देश विदेश तक पहुंचाने वाले लोककलाकार जगत राम वर्मा को इतनी जल्दी भुला दिया है। इस दौरान जानकारी दी गयी कि श्रद्धांजलि सभा में स्व. जगत राम वर्मा की धर्मपत्नी एवं बेटी को भी शामिल होना था, लेकिन बेटी के अचानक अस्वस्थ होने के कारण वह नहीं आ सकी। इस दौरान पहुंचे संस्कृति कर्मियों एवं सामाजिक क्षेत्र में कार्य कर रहे लोगों द्वारा उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किये गए। इस अवसर पर मंच के लोककलाकारों के अलावा राकेश शर्मा, सुरेश, मनु जौनसारी, भगत दयाल, रितेश वर्मा, संस्कार तिवारी, मीनू तिवारी, मीना वर्मा इत्यादि ने शिरकत शिरकत की।

## अनशन पर बैठे शिक्षकों की बिगड़ी तबीयत

**देहरादून।** पॉलीटैक्निक संविदा शिक्षको का धरना आज 11वें दिन व आमरण अनशन पांचवें दिन भी जारी रहा। अनशन पर बैठे शिक्षकों की तबीयत नाजुक बनी हुई है। अनशनकारियों का स्वास्थय खराब होने के बाद भी सरकार की अनेदखी से शिक्षकों में भारी रोष है।

परेड ग्राउण्ड स्थित धरना स्थल पर अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर धरने पर बैठे पॉलीटेक्निक संविदा शिक्षको का धरना आज 11वें दिन भी जारी रहा। सोसाइटी के अध्यक्ष सर्वेश चौधरी ने कहा कि अनशन के पांचवे दिन तक डाक्टरों की टीम केवल दो बार अनशनकारियों के चेकअप के लिये पहुंची। स्वासथय विभाग व सरकार द्वारा इस प्रकार की लापरवाही से घरने व अनशन"पर बैठे शिक्षकों में काफी गुस्सा है। सर्वेश चौधरी का कहना हे कि बीते रोज मुख्यमंत्री द्वारा संविदा शिक्षको के प्रतिनिधिमंडल को वार्ता के नाम पर पूरे आठ घंटे तक बीजापुर गेस्ट हाउस में बिठायें रखा। शिक्षको की मांगों पर केवल आश्वासन ही दिया है। प्रदर्शनकारियों में खगेन्द्र अवस्थी, नरेन्द्र पाठक, आशीष सेमवाल, महेशपाल आदि शामिल थे।

# अनियंत्रित होकर बस खाई में गिरी

**पुरोला।** मोरी से पुरोला की ओर आ रही देहरादून की एक बस अनियंत्रित हो कर जरमोला बाग के पास करीब पचास मीटर गहरी खाई में जा गिरी। दुर्घटना में एक युवती की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक व बस मालिक सहित चार अन्य घायल हो गए। दोनों की गंभीर हालत को देखते हुए हेलीकॉप्टर से देहरादून रेफर किया गया है, जबकि तीन घायलों का सीएचसी पुरोला में उपचार चल रहा है। शनिवार सुबह आठ बजे देहरादून की बस यूए07आर 6853 मोरी से पुरोला की ओर आ रही थी। जरमोला बाग के पास वाहन चालक अचानक नियंत्रण खो बैठा और बस 50 मीटर गहरी खाई में गिर गई गई। दुर्घटना में सुनीता (22 वर्ष) पुत्री सुरज मणी निवासी ग्राम हल्टाडी मोरी की मौके पर ही मौत हो गई। बस चालक विकास पुत्र शिवकुमार निवासी गोजगढ़ शामली यूपी व बस मालिक विदेश्वर नौटियाल पुत्र पदमदत्त नौटियाल निवासी बैणा पुरोला, हरिकृष्ण पुत्र हरदयाल रास्ती, राजीव पुत्र बलराम और संजय पुत्र देवदास निवासी मोरी उत्तरकाशी घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना पर एसडीएम राजकुमार पांडे,आपदा प्रबंधन दल, पुलिस व राजस्व टीम ने घायलों को खाई से निकाल कर 108 से सीसचसी पुरोला पहुंचाया यहां से चालक व बस मालिक की गंभीर हालत के चलते उपचार के बाद देहरादून रेफर कर दिया। दुर्घटना की सूचना मिलने पर दोनों घायलों को लेने शासन की ओर से हेलीकॉप्टर भेजा गया। तीन घायलों का सीएसचसी पुरोला में उपचार किया जा रहा है। बस में 22 लोग सवार थे। दुर्घटना का कारण बस का स्टेयरिंग लॉक होना बताया जा रहा है।

### ❑युवती की मौत, पांच घायल

### ❑गंभीर घायलों को हेलीकॉप्टर से दून किया रेफर



# सीएम से मिला ईसाइयों का प्रतिनिधिमंडल

**देहरादून।** ईसाई समुदाय के प्रमुख नेताओं व विभिन्न चर्चों के पदाधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना के नेतृत्व में मुख्यमंत्री हरीश रावत से उनके बीजापुर स्थित आवास पर मुलाकात की।

प्रतिनिधिमण्डल ने मुख्यमंत्री को धारचूना सहित तीनों विधानसभा उपचुनाव में विजयी होने की बधाई दी व ईसाई समुदाय की समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्यकान्त धस्माना ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि समय–समय पर देहरादून में साम्द्रायिक संगठनों से जुड़े हुए असामाजिक तत्व ईसाई समुदाय के लोगों को परेशान करते हैं व अनेक बार उनके धार्मिक आयोजनों में व्यवधान डालने का प्रयास भी किया जाता है।

### ❑ईसाई समुदाय की समस्याओं से कराया मुख्यमंत्री को अवगत

मुख्यमंत्री श्री रावत ने ईसाई समुदाय को पूर्ण सुरक्षा का आश्वासन देते हुए कहा कि देहरादून व उत्तराखण्ड में ईसाई समुदाय की जनसंख्यां चाहें कम हो किन्तु राज्य के अनेक क्षेत्रों में विशेष तौर से शिक्षा में उनका योगदान बहुत बड़ा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शीघ्र ही भविष्य में वे समुदाय के कार्यक्रम में शिरकत करेंगे व उनकी सभी समस्यायें भी सुनेगे। प्रतिनिधिमण्डल में हरी रावत पादरी मर्लिन क्लैरेंस, अमूल्या राय, पादरी सुनील लुक, पादरी राजकुमार, पादरी मंजीत सिंह, पादरी संजीव, पादरी ज्योति सहित दो दर्जन चर्चों के पादरी शामिल थे।